Target for IQ

झारखण्ड APO मुख्य परीक्षा 2026

By Target for IQ

Subject: Jharkhand and National Movement

Time: 90 Minutes **Maximum Marks: 100**

Instructions / निर्देश

1. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. **Each question carries 10 marks.**
   प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।
3. **The word limit for each answer is 200 words.**
   प्रत्येक उत्तर की शब्द-सीमा 200 शब्द है।

---

1. **भारत के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड क्षेत्र की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। जनजातीय आंदोलनों को राष्ट्रीय आंदोलन की पृष्ठभूमि में समझाइए।**
   Analyse the role of the Jharkhand region in India's freedom struggle. Explain the tribal movements in the broader context of the national movement.
2. **कोल विद्रोह के कारणों, स्वरूप, नेतृत्व और परिणामों का वर्णन कीजिए। इसका औपनिवेशिक प्रशासन पर क्या प्रभाव पड़ा?**
   Describe the causes, nature, leadership and consequences of the Kol Rebellion. What impact did it have on the colonial administration?
3. **"संथाल हूल भारतीय जनजातीय प्रतिरोध का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय था।" सिद्धो-कान्हू के नेतृत्व और आंदोलन की प्रकृति का विश्लेषण कीजिए।**
   "The Santhal Hul was an important chapter in Indian tribal resistance." Analyse the leadership of Sidho and Kanho and the nature of the movement.
4. **बिरसा मुंडा के उलगुलान आंदोलन के सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक आयामों की चर्चा कीजिए।**
   Discuss the social, religious and political dimensions of Birsa Munda's Ulgulan Movement.

5. **ताना भगत आंदोलन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। इस आंदोलन पर गांधीवादी विचारधारा के प्रभाव का परीक्षण कीजिए।**

   Describe the features of the Tana Bhagat Movement. Examine the influence of Gandhian ideology on this movement.

6. **झारखंड क्षेत्र में 1857 के विद्रोह के स्वरूप का विश्लेषण कीजिए। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, पांडेय गणपत राय, नीलांबर-पीतांबर और शेख भिखारी की भूमिका पर प्रकाश डालिए।**

   Analyse the nature of the Revolt of 1857 in the Jharkhand region. Highlight the role of Thakur Vishwanath Shahdeo, Pandey Ganpat Rai, Nilambar-Pitambar and Sheikh Bhikhari.

7. **झारखंड के जनजातीय आंदोलनों में भूमि, जंगल और स्वशासन की माँग केंद्रीय विषय रही है। ऐतिहासिक उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।**

   The demands for land, forests and self-rule remained central to the tribal movements of Jharkhand. Explain with historical examples.

8. **झारखंड क्षेत्र में असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन के प्रभाव का वर्णन कीजिए।**

   Describe the impact of the Non-Cooperation Movement, Civil Disobedience Movement and Quit India Movement in the Jharkhand region.

9. **झारखंड में औपनिवेशिक वन नीतियों ने जनजातीय समाज को किस प्रकार प्रभावित किया? इनके विरुद्ध हुए प्रतिरोध आंदोलनों का विश्लेषण कीजिए।**

   How did colonial forest policies affect tribal society in Jharkhand? Analyse the resistance movements launched against them.

10. **"झारखंड के जनजातीय विद्रोहों को केवल आर्थिक विद्रोह मानना उचित नहीं है।" सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आयामों के संदर्भ में चर्चा कीजिए।**

    "It is not appropriate to regard the tribal rebellions of Jharkhand merely as economic revolts." Discuss in the context of their social, cultural and political dimensions.